भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3916
04 अप्रैल, 2025 को उत्तर देने के लिए

ऑपरेशन ग्रीन्स के तहत झींगा के लिए मंजूर परियोजनाएं

3916. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि समुद्री क्षेत्र के अंतर्गत ऑपरेशन ग्रीन्स के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी और काकीनाडा जिलों में झींगा के लिए चार परियोजनाओं को 250 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ मंजूरी दी गई है;

(ख) यदि हां, तो इन परियोजनाओं को कब मंजूरी दी गई, अनुदान सहायता का ब्यौरा क्या है, परियोजनाओं के पूरा होने का अनुमानित समय क्या है; और

(ग) उपरोक्त प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क) से (ग): मंत्रालय ने ऑपरेशन ग्रीन्स-दीर्घकालिक हस्तक्षेप के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी और काकीनाडा जिलों में श्रीम्प संबंधी 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनकी परियोजना लागत 254.37 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं का विवरण और उनके कार्यान्वयन की स्थिति **अनुबंध** में दी गई है।

*****

अनुबंध

दिनांक 04.04.2025 को उत्तर हेतु "ऑपरेशन ग्रीन्स के अंतर्गत झींगा के लिए स्वीकृत परियोजनाएं' के संबंध में राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3916 के भाग (क) से (ग) में संदर्भित अनुबंध

ऑपरेशन ग्रीन्स-दीर्घकालिक हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी और काकीनाडा जिलों में स्वीकृत झींगा संबंधी परियोजनाओं का विवरण :

क्र.सं॰	**आवेदक का नाम**	**क्लस्टर/जिला**	**अनुमोदन पत्र की तिथि**	**कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपए)**	**पात्र अनुदान (करोड़ रुपये)**	**जारी अनुदान (करोड़ रुपये)**	**स्थिति**
1.	मेसर्स अद्विश्रु मरीन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	पूर्वी गोदावरी	09-11-2022	35.00	10.00	6.66	जारी
2.	मेसर्स अवंती फ्रोजन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	काकीनाडा	16-11-2022	64.62	10.00	0.00	जारी
3.	मेसर्स देवी फिशरीज लिमिटेड	काकीनाडा	09-11-2022	105.50	15.00	0.00	जारी
4.	मैसर्स राज्यलक्ष्मी मरीन एक्सपोर्ट्स	काकीनाडा	09-11-2022	49.25	10.00	6.67	जारी
	कुल			**254.37**	**45.00**	**13.33**	

****